## न्यायालय सहायक कलक्टर (फा.ट्रे.) झुंझुनूं, जिला झुंझुनूं (राजस्थान)

(पीठासीन अधिकारी :– सुप्रिया, आर. ए. एस.)

राजस्व वाद संख्या :– 1253 / 2024

1. सुभाष पुत्र रूघवीर
2. बजरंग पुत्र रूघवीर
3. सुरेन्द्र पुत्र रूघवीर
4. सुनिता पुत्री रूघवीर

समस्त जातिगण जाट निवासीगण अजाडीकलां तहसील व जिला झुंझुनूं।

– वादीगण

बनाम

1. दयाराम पुत्र गोकुल
2. बनवारी पुत्र गोकुल
3. मूलचन्द पुत्र पालाराम
4. सुमित्रा पुत्री पालाराम
5. कुनणी पुत्री पालाराम
6. सम्पति पुत्री पालाराम
7. कमला पुत्री पालाराम

समस्त जातिगण जाट निवासीगण अजाडीकलां तहसील व जिला झुंझुनूं।

8. बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रिय ग्रामीण बैंक शाखा कार्यालय अजाडीकलां जरिये शाखा प्रबंधक तहसील व जिला झुंझुनूं।
9. बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रिय ग्रामीण बैंक शाखा कार्यालय बडागांव जरिये शाखा प्रबंधक तहसील गुढगौड़जी जिला झुंझुनूं।
10. राजस्थान सरकार जरिये लैण्डहोल्डर तहसीलदार गुढागौड़जी जिला झुंझुनूं राजस्थान।

– प्रतिवादीगण

### दावा बाबत् घोषणार्थ, बंटवारा व खाता विभाजन
### निर्णय

निर्णय दिनांक 23.02.2026

संक्षेप में वादीगण ने इस आशय से वादपत्र पेश किया है कि ग्राम गुमाना का बास पटवार हल्का छऊ तहसील गुढागौड़जी की सरहद में भूमि खसरा नम्बर 129 रकबा 3.00 है0, खसरा नम्बर 131 रकबा 6.42 है0, खसरा नम्बर 136 रकबा 0.04 है0, खसरा नम्बर 334 / 139 रकबा 2.36 है0 कुल किता 4 कुल रकबा 11.82 है0 भूमि अवस्थित है। उक्त वर्णित भूमि में वादीगण का 1 / 2 हिस्सा प्रतिवादी संख्या 1 लगायत 2 का 1 / 4 हिस्सा तथा प्रतिवादीगण संख्या 3 लगायत 7 का 1 / 4 हक व हिस्सा दर्ज है। वादीगण व प्रतिवादीगण अपने–अपने हिस्से की भूमि पर काबिज काश्त है। वादीगण व प्रतिवादीगण संख्या 1 लगायत 7 को उक्त वर्णित भूमि उत्तराधिकार में प्राप्त हुई है। वादीगण अपने 1 / 2 हिस्से की भूमि को संयुक्त रूप से तथा प्रतिवादी संख्या 3 लगायत 7 अपने 1 / 4 हिस्से की भूमि को संयुक्त रूप से काश्तकार खातेदार घोषित करवाने के अधिकारी है। वादीगण व प्रतिवादीगण संख्या 1 लगायत 2 व प्रतिवादीगण संख्या 3 लगायत 7 पैतृक खातेदारी काश्तकारी भूमि है। वादीगण एवं प्रतिवादीगण संख्या 1 लगायत 7 बतौर संयुक्त रूप से बाहमी बंटवारा के अनुसार काबिज काश्त चले आ रहे हैं। उक्त वर्णित भूमि का अभी तक विधिवत् विभाजन नहीं हुआ है। वादीगण द्वारा दिनांक 20.04.2023 को अपने हिस्से की भूमि पर तारबंदी करने के लिए

सहायक कलक्टर
झुंझुनूं (राज.)

मौके पर गये तो प्रतिवादीगण संख्या 1 लगायत 7 ने वादीगण को तारबंदी करने से मना कर दिया व लड़ाई झगडा करने की धमकी देने से उक्त वादपत्र इस न्यायालय में पेश हुआ। उक्त वर्णित भूमि में वादीगण 1/2 हिस्से कृषि भूमि के हक हिस्से को घोषित करवाने के अधिकारी है। तदनुसार वादीगण एवं प्रतिवादीगण नम्बर 1 लगायत 7 के मध्य विधिवत् विभाजन करवाकर खाता अलग–अलग कायम कर लगान अलग–अलग किये जाने के वादीगण व प्रतिवादीगण संख्या 1 लगायत 7 विभाजन करवाने के अधिकारी है। अन्त में वादीगण ने वादपत्र पेश कर निवेदन किया कि वाद वादीगण स्वीकार फरमाया जाकर ग्राम गुमाना का बास पटवार हल्का छऊ तहसील गुढागौड़जी की सरहद में भूमि खसरा नम्बर 129 रकबा 3.00 है0, खसरा नम्बर 131 रकबा 6.42 है0, खसरा नम्बर 136 रकबा 0.04 है0 व खसरा नम्बर 334/139 रकबा 2.36 है0 कुल किता 4 कुल रकबा 11.82 है0 भूमि में से पैतृक कब्जा काश्त के अनुसार वादीगण को 1/2 हिस्सा भूमि का काश्तकार घोषित किया जावे। इसी भांति अलग–अलग खाता विभाजन किया जाकर खाता खतौनी पास बुक जारी की जावें।

उपरोक्तांनुसार दावा पेश होने पर इस न्यायालय द्वारा विधिक प्रक्रियानुसार दिनांक 11.02.2025 को वाद वादिया प्राथमिक तौर पर स्वीकार किया जाकर प्राथमिक निर्णय व डिक्री पारित किया गया तथा तहसीलदार गुढागौड़जी को मौका कमिश्नर नियुक्त कर विभाजन प्रस्ताव मंगवाये गये। तहसीलदार ने विभाजन प्रस्ताव अपने पत्र क्रमांक भू0अ0/2025/2817 दिनांक 23.09.2025 के द्वारा इस न्यायालय में भिजवाये गये। विभाजन प्रस्ताव के अवलोकन से जाहिर हुआ कि उक्त विभाजन प्रस्ताव में त्रुटि है, अतः तहसीलदार गुढागौड़जी से पुनः विभाजन प्रस्ताव मंगवाया गया। तहसीलदार ने विभाजन प्रस्ताव पुनः अपने पत्र क्रमांक भू0अ0/2026/05 दिनांक 01.01.2026 के द्वारा इस न्यायालय में भिजवाये। वकील वादीगण को बहस पत्रावली पर सुना गया। अधिवक्ता ने मुताबिक विभाजन प्रस्ताव वाद डिक्री किये जाने पर सहमति जाहिर की। बाद अवलोकन पत्रावली व बगौर मनन बहस वाद वादीगण न्यायालय मत पर स्वीकार किया जाना सही व न्यायोचित प्रतीत होता है।

**–: निर्णय :–**

वाद वादीगण सिद्ध होने पर अंतिम रूप से स्वीकार किया जाता है तथा ग्राम गुमाना का बास पटवार हल्का छऊ तहसील गुढागौड़जी की सरहद में भूमि खसरा नम्बर 129 रकबा 3.00 है0, खसरा नम्बर 131 रकबा 6.42 है0, खसरा नम्बर 136 रकबा 0.04 है0 व खसरा नम्बर 334/139 रकबा 2.36 है0 कुल किता 4 कुल रकबा 11.82 है0 भूमि बाबत तहसीलदार गुढागौड़जी द्वारा भिजवाये गये विभाजन प्रस्ताव के मुताबिक खाता विभाजन के आदेश दिये जाते हैं। तहसीलदार द्वारा भिजवाये गये विभाजन प्रस्ताव पत्र क्रमांक भू0अ0/2026/05 दिनांक 01.01.2026 के द्वारा भिजवाया गया विभाजन प्रस्ताव निर्णय व डिक्री का भाग रहेगा। खर्चा पक्षकारान वहन करें। तदनुसार पर्चा डिक्री जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो तथा बाद तकमिल दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 23.02.26 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर खुले इजलास सुनाया गया।

(सुप्रिया)
सहायक कलक्टर (फा.ट्रे.)
झुन्झुनूं.

सहायक कलक्टर
झुंझुनूं (राज.)

मूल वाद में डिक्री (आदेश 20 के नियम 6 ओर 7)

**न्यायालय सहायक कलक्टर (फा.ट्रे.) झुन्झुनू जिला झुंझुनूं**

पीठासीन अधिकारी :– श्री सुप्रिया आर.ए.एस.

**उनवान सुभाष वगैरह बनाम दयाराम वगैरह**

**दावा बाबत् घोषणार्थ, बंटवारा व खाता विभाजन**

मुकदमा नं. : 1253/2024

निर्णय दिनांक : 23.02.2026

वकील वादीगण एडवोकेट हरिप्रसाद सैनी की उपस्थिति में इस वाद में आज दिनांक 23.02.26 को सुप्रिया, सहायक कलक्टर (फा.ट्रे.) झुन्झुनू के समक्ष निपटारे के पेश होने पर आदेश दिया जाता है व डिक्री की जाती है कि वाद वादीगण सिद्ध होने पर अंतिम रूप से स्वीकार किया जाता है तथा ग्राम गुमाना का बास पटवार हल्का छऊ तहसील गुढागौड़जी की सरहद में भूमि खसरा नम्बर 129 रकबा 3.00 है0, खसरा नम्बर 131 रकबा 6.42 है0, खसरा नम्बर 136 रकबा 0.04 है0 व खसरा नम्बर 334/139 रकबा 2.36 है0 कुल किता 4 कुल रकबा 11.82 है0 भूमि बाबत तहसीलदार गुढागौड़जी द्वारा भिजवाये गये विभाजन प्रस्ताव के मुताबिक खाता विभाजन के आदेश दिये जाते हैं। तहसीलदार द्वारा पत्र क्रमांक भू0अ0/2026/05 दिनांक 01.01.2026 के द्वारा भिजवाया गया विभाजन प्रस्ताव निर्णय व डिक्री का भाग रहेगा। खर्चा पक्षकारान वहन करें।

पर्चा डिक्री आज दिनांक 23.02.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा द्वारा जारी किया गया।

(सुप्रिया)
**सहायक कलक्टर (फा.ट्रे.)**
**झुन्झुनू**
सहायक कलक्टर
झुंझुनूं (राज.)

वाद के खर्चे

| वादी | रूपया | प्रतिवादी | रूपया |
|---|---|---|---|
| स्टाम्प अर्जी दावा | 4 | स्टाम्प वकालतनामा | |
| स्टाम्प वकालतनामा | 1 | स्टाम्प अर्जी | |
| मेहनतनामा वकील | | मेहनतनामा वकील पर | |
| खर्चा गवाहान | | खर्चा गवाहान | |
| फीस कमिश्नर | | फीस कमिश्नर | |
| बाबत इजराय हुक्मनामा | | बाबत इजराय हुक्मनामा | |
| | | मुतफरिक | |
| | | योग | |
| योग | 5 | | |

(सुप्रिया)
**सहायक कलक्टर (फा.ट्रे.)**
**झुन्झुनू**
सहायक कलक्टर
झुंझुनूं (राज.)